# डिजिटल इवेंट्स हैंडबुक

**2020**
YouTube Marketing

# स्वागत हे

दुनिया भर में स्वास्थ्य की समस्या की वजह से, लोगों को सेहत के बारे में चेतावनियां दी जा रही हैं और यात्रा करने पर रोक लगाई जा रही है | इस वजह से, कई इवेंट रद्द किए जा रहे हैं या उनकी तारीख आगे बढ़ाई जा रही है.
यह गाइड बेहतरीन डिजिटल इवेंट बनाने में आपकी मदद करने के लिए तैयार की गई है | इसके लिए, इस गाइड में YouTube के उत्पादों, जैसे कि लाइवस्ट्रीम और प्रीमियर इस्तेमाल करने के तरीके बताए गए हैं |

सबसे पहले हम सभी बुनियादी बातों के बारे में बताएंगे | जैसे कि आपको किस तरह इवेंट के लिए चैनल बनाकर, वीडियो अपलोड करके शुरुआत करनी है | साथ ही, इस गाइड में बताया गया है कि YouTube लाइव और प्रीमियर्स का इस्तेमाल करके, आप वास्तविक समय में कैसे अपने दर्शकों तक पहुंच सकते हैं | साथ ही, हम आपको कुछ अहम संसाधनों के बारे में भी बताएंगे, ताकि आप अपने अगले इवेंट में YouTube पर ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा पा सकें |

आएँ शुरू करें!

# विषय-सूची

1. YouTube की बुनियादी बातें
2. लाइव इवेंट
3. YouTube प्रीमियर्स
4. संसाधन

01

# YouTube की बुनियादी बातें

# अपने इवेंट के लिए आधिकारिक चैनल बनाना

सबसे पहला काम, एक YouTube चैनल बनाएं, ताकि आप उन लोगों तक पहुंच सकें जो आपके इवेंट में खुद से नहीं आ सकते | चैनल सेट अप करने और उसको चलाने के लिए, नीचे दिया गया तरीका अपनाएं.

**एक व्यक्तिगत चैनल बनाएँ**

1. किसी कंप्यूटर पर या मोबाइल साइट का इस्तेमाल करके YouTube में साइन इन करें.
2. चैनल के लिए ज़रूरी काम करें, जैसे कि वीडियो अपलोड करना, टिप्पणी करना या वीडियो सूची बनाना.
3. अगर आपके पास अभी कोई चैनल नहीं है, तो आपको चैनल बनाने का संकेत दिखाई देगा.
4. देख लें चैनल बनाने के लिए दी गई जानकारी सही हो (आपके Google खाता नाम और फ़ोटो के साथ) और अपना नया चैनल बनाने की पुष्टि करें.

और अधिक जानें

.

# ब्रांड या कंपनी का चैनल

एक चैनल बनाएं जिसमें कई प्रबंधक या मालिक हो सकते हैं।

एक चैनल बनाने के लिए आप एक ब्रांड खाते का उपयोग कर सकते हैं जिसका एक अलग नाम है लेकिन वह अभी भी आपके Google खाते से प्रबंधित है।

**ब्रांड खातों के बारे में अधिक जानें**

1. किसी कंप्यूटर पर या मोबाइल साइट का इस्तेमाल करके YouTube में साइन इन करें.
2. अपनी चैनल सूची पर जाएं.
3. एक नया चैनल बनाना चुनें या किसी मौजूदा ब्रांड खाते का इस्तेमाल करें:
4. नया चैनल बनाएं क्लिक करके एक नया चैनल बनाएं.
5. सूची में से ब्रांड खाते को चुनकर, उस ब्रांड खाते के लिए एक YouTube चैनल बनाएं जिसे आप पहले से प्रबंधित करते आ रहे हैं. अगर इस ब्रांड खाते का चैनल पहले से है, तो आप नया चैनल नहीं बना सकते हैं—अगर आप सूची में से ब्रांड खाता चुनते हैं, तो आप सिर्फ़ उस चैनल पर स्विच कर सकते हैं.
6. अपने चैनल को नाम देने के लिए जानकारी भरें और अपने खाते की पुष्टि करें. फिर, हो गया क्लिक करें. इससे एक नया ब्रांड खाता बन जाता है.
7. चैनल प्रबंधक जोड़ने के लिए, चैनल के मालिकों और प्रबंधकों को बदलने के निर्देशों का पालन करें.

YouTube पर व्यावसायिक या दूसरे नाम से किसी चैनल का इस्तेमाल करने के बारे में ज़्यादा जानें.

# चैनल की ब्रैंडिंग करना

### चैनल कला' बनाना या उसमें बदलाव करना

'चैनल कला' आपके YouTube पेज पर सबसे ऊपर, बैनर के रूप में दिखाई देती है. आप इसका इस्तेमाल करके अपने चैनल की पहचान को एक ब्रैंड का रूप दे सकते हैं. साथ ही, अपने पेज को सबसे अलग और बेहतर बना सकते हैं.
नीचे दिए गए दिशा-निर्देशों और उदाहरणों की मदद से अपना डिज़ाइन सेट अप करें. ध्यान दें कि 'चैनल कला' डेस्कटॉप, मोबाइल, और टीवी पर अलग-अलग तरह से दिखाई देती है. देखें कि 'चैनल कला' अलग-अलग डिवाइस पर कैसी दिखाई देती है. और अधिक जानें

### अपने चैनल का आइकॉन प्रबंधित करना

आपके चैनल का आइकॉन, चैनल कला के बैनर पर दिखाई देता है. दूसरे दर्शकों को YouTube के देखे जाने वाले पेजों पर, यह आइकॉन आपके वीडियो और चैनल के लिए दिखाई देता है.
आपके Google खाते से जुड़ी इमेज ही आपके चैनल का डिफ़ॉल्ट आइकॉन है. जब आप YouTube और दूसरी Google सेवाओं में साइन इन करते हैं, तब पेज के दाईं ओर सबसे ऊपरी कोने पर यह इमेज देख सकते हैं. अगर आप चाहें, तो इस इमेज को अपनी Google खाते की सेटिंग में जाकर बदल सकते हैं.
और अधिक जानें

### चैनल का लेआउट अपनी पसंद के मुताबिक बनाना

आप अपने चैनल का लेआउट अपनी पसंद के मुताबिक बना सकते हैं ताकि आपके पेज पर आने वाले दर्शकों को वह दिखे जो आप उन्हें दिखाना चाहते हैं. अगर आप चैनल का लेआउट अपने हिसाब से नहीं बनाते हैं, तो आपके सभी दर्शकों को चैनल फ़ीड दिखाई देगा.

नियमित रूप से वीडियो अपलोड करने वाले रचनाकारों को ऐसा करने का सुझाव दिया जाता है। आप अपने चैनल में एक ट्रेलर जोड़ सकते हैं और चैनल के ग्राहकों को वीडियो सुझा सकते हैं। इसके अलावा, आप अपने सभी वीडियो और प्लेलिस्ट को अलग-अलग वर्गों में व्यवस्थित कर सकते हैं। और अधिक जानें

### चैनल के अलग-अलग सेक्शन में वीडियो व्यवस्थित करें

आप अपने चैनल के जो वीडियो खास तौर से दिखाना चाहते हैं, उन्हें चैनल में अलग-अलग सेक्शन में व्यवस्थित करके ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुंचा सकते हैं. सेक्शन की मदद से आप अपने वीडियो एक साथ इस तरह से रख सकते हैं, जिससे आपके दर्शक आसानी से यह तय कर सकें कि वे क्या देखना चाहते हैं. एक चैनल में आप 10 सेक्शन तक बना सकते हैं.

और अधिक जानें

### नए दर्शकों के लिए एक चैनल ट्रेलर बनाएं

जो दर्शक आपके चैनल के सदस्य नहीं हैं उनके लिए, आप एक वीडियो ट्रेलर कार्यक्रम बना सकते हैं. आपके चैनल का ट्रेलर किसी फ़िल्म के ट्रेलर की तरह होता है. इसका इस्तेमाल अपने चैनल की खूबियों की झलक दिखाने के लिए करें. ऐसा करने से दर्शक आपके चैनल के सदस्य बनना चाहेंगे.

डिफ़ॉल्ट रूप से, जब चैनल पेज पर ट्रेलर के लिए दी गई जगह में ट्रेलर चल रहा हो, तो विज्ञापन नहीं दिखेंगे (जब तक कि आपके चुने हुए वीडियो में ऐसी सामग्री न हो जिस पर किसी तीसरे पक्ष ने दावा किया है). ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि दर्शक बिना ध्यान भटकाए आपके चैनल के बारे में जानकारी ले सकें और इसके सदस्य बन सकें. अगर दर्शक पहले से ही आपके चैनल के सदस्य हैं, तो उन्हें ट्रेलर की जगह "आगे क्या देखें" सेक्शन में एक वीडियो दिखाई देगा.

और अधिक जानें

# वीडियो अपलोड करना

आपका चैनल बनकर तैयार है. बस, बिना देर किए अपना पहला वीडियो अपलोड करें!.

आप YouTube पर कुछ आसान चरणों में वीडियो अपलोड कर सकते हैं. किसी कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस से अपने वीडियो अपलोड करने के लिए, इन निर्देशों का पालन करें.

**YouTube Studio में वीडियो अपलोड करना**

1. YouTube में साइन इन करें.
2. सबसे ऊपर दाईं ओर, वीडियो या पोस्ट बनाएं > वीडियो अपलोड करें को चुनें.
3. वह वीडियो चुनें जिसे आप अपलोड करना चाहते हैं.

अगर आप बिना सेटिंग चुने, अपलोड करने की प्रक्रिया बंद कर देंगे, तो आपके वीडियो को वीडियो पेज पर ड्राफ़्ट के तौर पर सेव कर दिया जाएगा.

# वीडियो में अपनी पसंद के मुताबिक बदलाव करना

**शीर्षक**

- शीर्षक ऐसा होना चाहिए जिससे वीडियो के बारे में पता तो चले, लेकिन उत्सुकता भी बनी रहे: शीर्षक 70 वर्ण से कम का होना चाहिए, नहीं तो वह पूरा नहीं दिखेगा
- ब्यौरे में भ्रामक जानकारी नहीं होनी चाहिए: बेहद कम शब्दों में अपनी बात लिखें. शुरुआती कुछ वाक्यों से ही पता चल जाना चाहिए कि आप क्या कहना चाहते हैं.
- दिलचस्पी पैदा करने वाला होना चाहिए - इससे लोग आपका वीडियो देखना चाहेंगे या उससे जुड़ाव महसूस करेंगे
- क्लिक-लालच से परहेज करने वाला होना चाहिए: शीर्षक और ब्यौरे में सही और ऐसी जानकारी दें जो आपके वीडियो और उसके थंबनेल से मेल खाता हो

**आकर्षक तरीके से वीडियो का ब्यौरा लिखना**

ब्यौरे में ऐसी अहम जानकारी होनी चाहिए, जो खोज नतीजों से आपके वीडियो पाने में दर्शकों की मदद कर सके. साथ ही, दर्शक यह भी समझ सकें कि वीडियो में उन्हें क्या दिखाया जाएगा. सही कीवर्ड के साथ अच्छी तरह से लिखा गया ब्यौरा, आपके वीडियो की देखे जाने की संख्या और देखे जाने का कुल समय, दोनों बढ़ा सकता है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खोज नतीजों में किसी वीडियो को दिखाने में सही कीवर्ड और अच्छी तरह से लिखा गया ब्यौरा बहुत मदद करते हैं.

इसके लिए आप ये काम कर सकते हैं:

- आसान भाषा में अपने वीडियो की खास जानकारी लिखें -- सिर्फ़ एक लाइन में कीवर्ड लिखने से बचें.
- वीडियो से जुड़े सबसे अहम कीवर्ड ब्यौरे की शुरुआत में ही लिख दें.
- - एक-दो ऐसे शब्दों की पहचान करें जो आपके वीडियो के बारे में सटीक जानकारी दें. अपने शीर्षक और ब्यौरे में इनका इस्तेमाल प्रमुखता से करें.
- अपने ब्यौरे में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जो आपके वीडियो से जुड़े न हों. इससे वीडियो देखने में दर्शकों को असुविधा हो सकती है. साथ ही, हमारी नीतियों का उल्लंघन भी हो सकता है.
- असरदार ब्यौरा और टैग लिखने का तरीका जानें

Learn प्रभावी विवरण और टैग लिखना सीखें

**थंबनेल**

वह इमेज है, जिस पर क्लिक करके दर्शक आपके वीडियो को देखते हैं. थंबनेल प्रचार का काम करते हैं. इन्हें देखकर ही दर्शक आपका वीडियो देखने का फ़ैसला लेते हैं. अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए थंबनेल और शीर्षक, आपके चैनल का ट्रैफ़िक बढ़ाने में मदद कर सकते हैं. साथ ही, इन्हें देखकर दर्शक आपके वीडियो देखने का मन बना सकते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि वे क्या देखने जा रहे हैं.

किसी अच्छे थंबनेल की यहां कुछ खासियतें दी गई हैं:

- लोगों को ध्यान खींचे: उन्हें साफ़-सुथरा और अच्छे कंट्रास्ट वाले रंगों से डिज़ाइन किया गया हो
- बेकार की चीज़ें शामिल न हों: सादगी की अपनी खूबसूरती होती है
- बैकग्राउंड एक जैसे हों: अपने थंबनेल के बैकग्राउंड में वीडियो के ऐसे खास पलों को दिखाएं जो दर्शकों को आकर्षित करें
- एक खास थीम पर बने हों: अपने थंबनेल के सभी फ़ॉर्मैट में एक खास थीम का खयाल रखें ताकि वे आसानी से पहचान में आ जाएं. इसके लिए, एक जैसे बैनर शीर्षक, रंग, और वॉटरमार्क का इस्तेमाल करें.
- नए प्रयोग करें: थंबनेल में अपने वीडियो फ़ॉर्मैट के हिसाब से बदलाव करें. अपने सदस्यों को ध्यान में रखकर बनाए गए वीडियो के थंबनेल में जानी-पहचानी चीज़ें (जैसे कि डेवलपर का चेहरा) को दिखाएं. वहीं, आम दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाए गए वीडियो के थंबनेल में ऐसी इमेज का इस्तेमाल करें जिसे सब आसानी से पहचान सकें और उन पर इनका असर हो.

असरदार थंबनेल बनाने का तरीका जानें

# वीडियो में अपनी पसंद के मुताबिक बदलाव करना

**एंड कार्ड**

कार्ड और एंड कार्ड का इस्तेमाल करके, अपने दर्शकों का गतिविधियों (टिप्पणी करना या दूसरे वीडियो पर जाना) में हिस्सा लेने के लिए उत्साह बढ़ाएं.

कार्ड पहले से तैयार फ़ॉर्मैट में सूचनाएं देते हैं. ये डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों पर दिखते हैं. अपने इवेंट या चैनल के दूसरे वीडियो का प्रचार करने के लिए, आप इन्हें सेट अप कर सकते हैं.आपको कई तरह के कार्ड में से कोई एक चुन सकते हैं, जैसे: मर्चंडाइज़, फ़ंडरेज़र, वीडियो, और दूसरे कई तरह के कार्ड.

एंड स्क्रीन इससे आप दर्शकों को किसी वीडियो के खत्म होने के बाद दूसरी गतिविधि करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं. इसकी मदद से आप आपके चैनल को देखे जाने का समय बढ़ा सकते हैं.

दर्शकों की गतिविधि को अपने चैनल पर आगे भी बनाए रखने के लिए, एंड कार्ड में इस तरह की सामग्री जोड़ें:

- कोई वीडियो या प्लेलिस्ट
- दर्शकों को चैनल की सदस्यता लेने के लिए कहना
- एक-दूसरे के चैनल का प्रचार करना
- किसी दूसरी साइट के लिंक देना

और अधिक जानें

**प्लेलिस्ट की मदद से चैनल को अपनी पसंद के मुताबिक बनाना**

प्लेलिस्ट की मदद से अपने वीडियो को एक साथ एक जगह पर रखा जा सकता है. इससे आपके दर्शक बिना किसी परेशानी के एक ही जगह पर आपके कई वीडियो देख सकते हैं. प्लेलिस्ट, एक क्रम में रखे गए वीडियो की सूची होती है जिसे आप बनाते हैं. आम तौर पर, वीडियो किसी थीम या इवेंट के हिसाब से क्रम में लगाए जाते हैं. जैसे कि Stadia के बारे में बनी प्लेलिस्ट "Stadia Connect".

प्लेलिस्ट की मदद से आप अपने प्रशंसकों को उनकी पसंद के ज़्यादा वीडियो दिखा सकते हैं. साथ ही, चैनल पर अपनी क्रिएटिविटी को शोकेस कर सकते हैं. इसमें आप अपने चैनल के अलावा, दूसरे चैनलों के वीडियो भी शामिल कर सकते हैं.

वही प्लेलिस्ट सबसे अच्छी मानी जाती है जिसे दर्शक लंबे समय तक देखते रहें. कई क्रिएटर किसी बड़े इवेंट से जुड़ी प्लेलिस्ट बनाते हैं. इसके अलावा, वे "सबसे लोकप्रिय" प्लेलिस्ट को आपस में जोड़ देते हैं, ताकि दर्शक सबसे लोकप्रिय वीडियो आसानी से देख सकें.

और अधिक जानें

02

# लाइव इवेंट YouTube पर लाइव स्ट्रीमिंग के बारे में बुनियादी बातें

# YouTube पर लाइव स्ट्रीमिंग के बारे में बुनियादी बातें

'YouTube लाइव' वास्तविक समय में अपने दर्शकों तक पहुंचने का एक आसान तरीका है. हमारे टूल आपकी स्ट्रीम को प्रबंधित करने और दर्शकों से वास्तविक समय में इंटरैक्ट करने में मदद करेंगे. फिर चाहे आप लाइव इवेंट की स्ट्रीमिंग कर रहे हों या फिर लाइव सवाल-जवाब सत्र या कोई वर्कशॉप होस्ट कर रहे हों. YouTube पर लाइव स्ट्रीमिंग के बारे में ज़्यादा जानें.

अपनी पहली लाइव स्ट्रीमिंग से पहले उसके बारे में योजना बनाएं. पहली बार लाइव स्ट्रीम चालू करने में 24 घंटे तक का समय लग सकता है. इसके चालू हो जाने पर, आपकी स्ट्रीम तुरंत लाइव जा सकती है.

हालांकि, स्ट्रीम के लाइव होने से पहले, यह पक्का करें कि स्ट्रीमिंग से जुड़ी कोई भी तकनीकी गड़बड़ी न हो. इसके लिए, यह ज़रूरी है कि आपके पास अच्छे इंटरनेट कनेक्शन से लेकर लाइव इवेंट को कैप्चर करने के लिए सही हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर भी उपलब्ध हों.

## इंटरनेट

सबसे पहले, अपने इंटरनेट की रफ़्तार की जांच करके, आपको यह पक्का करना होगा कि आपके कनेक्शन की अपलोड करने की बैंडविड्थ अच्छी हो. इसकी जांच कई बार करें, ताकि पता चल सके कि रफ़्तार, लगातार एक जैसी रहती है या नहीं. आपको स्ट्रीमिंग के लिए जो क्वालिटी चाहिए उसके लिए इंटरनेट की रफ़्तार कुछ इस हिसाब से होनी चाहिए:

**स्टैंडर्ड डेफ़िनिशन वीडियो | 3 Mbps**

**720p और 1080p हाई डेफ़िनिशन (एचडी) | 5-10 Mbps**

**4K अल्ट्रा हाई डेफ़िनिशन (एचडी) | 25 Mbps**

## सॉफ़्टवेयर

कई तरह के एन्कोडर होते हैं. हालांकि, आपको अपनी ज़रूरत के हिसाब से एन्कोडर चुनना होगा. यहां दिए गए एन्कोडर 'YouTube लाइव वेरिफ़ाइड' हैं. इनमें से कोई भी उत्पाद YouTube ने नहीं बनाया है. इन उत्पादों को अपने हिसाब से परखें और फिर अपने या अपने कारोबार की ज़रूरत के हिसाब से सही विकल्प चुनें.

elgato gaming

XSplit | Broadcaster

# कुछ ऐसे तरीके हैं जिनसे आप YouTube पर लाइव स्ट्रीम कर सकते हैं. यहां इनके बारे में खास जानकारी दी गई है

| | |
|---|---|
| वेबकैम की मदद से लाइव स्ट्रीम बनाना | वेबकैम, अपने कंप्यूटर से लाइव जाने का एक आसान तरीका है जिसमें लाइव स्ट्रीमिंग एन्कोडिंग सॉफ़्टवेयर की ज़रूरत नहीं होती.<br><br>**और अधिक जानें** |
| मोबाइल से लाइव स्ट्रीम करना (Android) | YouTube लाइव, Android 5.0 से ऊपर के वर्शन के लिए उपलब्ध है.<br><br>अब आप मोबाइल पर मुख्य YouTube ऐप्लिकेशन से लाइव स्ट्रीम कर सकते हैं. किसी मोबाइल लाइव स्ट्रीम के खत्म होने के बाद, आपके चैनल पर उस स्ट्रीम का संग्रह बना दिया जाता है. साथ ही, आपके पास संग्रह की निजता सेटिंग में बदलाव करने (इसे 'निजी' के तौर पर सेट करने की सेटिंग के साथ) या उसे मिटाने का विकल्प होता है.<br><br>हमने हाल ही में मोबाइल डिवाइस से YouTube लाइव करने के शर्तों की सीमा बढ़ाई है. मोबाइल से लाइव स्ट्रीम करने के लिए, आपके चैनल के कम से कम 1,000 सदस्य होने चाहिए.<br><br>**और अधिक जानें** |
| एन्कोडर की मदद से लाइव स्ट्रीम करना | किसी एन्कोडर की मदद से स्ट्रीम करने से आप अपनी लाइव स्ट्रीम के दौरान बहुत कुछ कर सकते हैं. आप अपना गेमप्ले ब्रॉडकास्ट करना, बाहरी ऑडियो/वीडियो हार्डवेयर का इस्तेमाल करना, एक से ज़्यादा कैमरे शामिल करना वगैरह कर सकते हैं. अगर आप किसी एन्कोडर का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो आप वेबकैम की मदद से लाइव जा सकते हैं (अलग से किसी सॉफ़्टवेयर की ज़रूरत नहीं है).<br>**और अधिक जानें** |

# अपने दर्शकों को लाइव स्ट्रीमिंग दिखाना

अपने चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग चालू करते समय, ध्यान दें कि यह आपके दर्शकों के लिए एक नया अनुभव हो सकता है. ऐसी सामग्री शायद उन्होंने पहले न देखी हो. आप दर्शकों के लिए इस नए अनुभव को समझना आसान बना सकते हैं. इसके लिए, आपको पहले से पता होना चाहिए कि इस नए अनुभव को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया क्या होगी.

## जानकारी देना

अगर अपलोड करने के शेड्यूल या फ़ॉर्मैट में कोई बदलाव हुआ है, तो अपने दर्शकों को अपलोड के नए समय की जानकारी दें. इसके अलावा, उन्हें अपलोड होने वाली सामग्री के बारे में कुछ संकेत पहले से दें और बताएं कि वे इसे कब देख पाएंगे!

## अपने खास दर्शकों की दिलचस्पी बनाए रखना

लाइव सामग्री को एक ऐसे तरीके के रूप में लें जिससे आप अपने खास दर्शकों के साथ मज़बूती से जुड़े रह सकते हैं. इसके अलावा, बड़ी संख्या में नए दर्शक जोड़ने के लिए, मांग पर मिलने वाले वीडियो (वीडियो ऑन डिमांड) या लाइव हाइलाइट का इस्तेमाल करें.

## वीडियो अपलोड करने में समय का अंतर रखना

एक साथ या कुछ ही समय में बहुत सारे वीओडी (वीडियो ऑन डिमांड) अपलोड करने और लाइव स्ट्रीमिंग करने से बचें. इससे आपके दर्शक उबाऊ महसूस नहीं करेंगे. अगर आप चैनल के वीडियो संग्रह को सार्वजनिक रखते हैं, तो अपना नया वीडियो पोस्ट करने में थोड़ा समय लें.

# लाइव स्ट्रीमिंग के लिए एक शेड्यूल + रणनीति बनाना

अपने चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर आपको एक शेड्यूल तय करना चाहिए. साथ ही, एक रणनीति भी ज़रूर तैयार करनी चाहिए. यहां कुछ तरीके बताए गए हैं जिनसे आपको YouTube पर लाइव पलों को ऑप्टिमाइज़ करने में मदद मिलेगी.

- लाइव स्ट्रीम की तारीख से पहले, अपने दर्शकों को इसके शेड्यूल के बारे में जानकारी दें
- सोशल मीडिया और अपने चैनल के समुदाय टैब पर पसंद के मुताबिक बनाई गई पोस्ट से अपने इवेंट की झलक दिखाएं
  - अपने चैनल के समुदाय टैब को अनलॉक करने के लिए, आपके चैनल के कम से कम 1,000 सदस्य होने चाहिए.
  - ज़्यादा जानें: समुदाय पोस्ट की मदद से अपने दर्शकों से जुड़ें
- सोशल मीडिया और समुदाय टैब से अपने इवेंट का प्रचार करें
- अपने दर्शकों को "सेट रिमांइडर" बटन दबाने के लिए कहें

लाइव स्ट्रीम खत्म होने के बाद, इससे जुड़ा एक हाइलाइट वीडियो बनाएं, ताकि आपके खास दर्शक पूरी तरह से संग्रहित की गई लाइव स्ट्रीम पर जा सकें

# लाइव इवेंट को बढ़ावा देना

## को बढ़ावा देना

[अपने चैनल पर अपनी लाइव स्ट्रीम दिखाएं]

[चैनल के अलग-अलग सेक्शन में वीडियो व्यवस्थित करें]

[वीडियो में कार्ड जोड़ना]

['चैनल कला' बनाना या उसमें बदलाव करना]

## हाइलाइट और प्रचार करना

लाइव स्ट्रीम के बाद, इसके कुछ पलों को दिखाकर और उनका प्रचार करके, आप अपनी सामग्री को ज़्यादा से ज़्यादा दर्शकों तक पहुंचा सकते हैं.

**लाइव स्ट्रीम के हाइलाइट बनाना:** अपने कुछ लाइव पलों के छोटे और आकर्षक हाइलाइट रील बनाकर और उन्हें समुदाय टैब में पोस्ट करके, आप अपनी सामग्री को ज़्यादा से ज़्यादा दर्शकों तक पहुंचा सकते हैं. इस तरह के दिलचस्प वीडियो, आपकी लाइव स्ट्रीम पर नए दर्शक जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकते हैं.

**प्रचार जारी रखना:** लाइव स्ट्रीम के बाद, आप समुदाय टैब और दूसरे सोशल मीडिया प्लैटफ़ॉर्म पर हाइलाइट वीडियो पोस्ट करके, चुटकुले डालकर या इवेंट के बारे में बताकर FOMO बना सकते हैं. साथ ही, आप इनके ज़रिए उन दर्शकों को इनाम दे सकते हैं जो लाइव स्ट्रीम देख रहे थे. लाइव स्ट्रीम के यादगार पलों के हाइलाइट लगातार पोस्ट करने से, दर्शकों को आपके लाइव इवेंट से जुड़ने का मन करता है.

## अपनी संग्रहित लाइव स्ट्रीम को इस तरह से प्रबंधित करें कि उन्हें आसानी से ढूंढा जा सके

किसी इवेंट या विषय के आधार पर, हर संग्रहित स्ट्रीम के लिए प्लेलिस्ट बनाएं. यह दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए.

इन प्लेलिस्ट को अपने चैनल के होम पेज पर डालें. साथ ही, हर एक स्ट्रीम की हाइलाइट क्लिप में उनका प्रचार करें.

# समुदाय से जुड़ना

इंटरैक्टिव और दिलचस्प स्ट्रीम की मदद से, प्रशंसकों को लाइव आने का मौका दें.

अपने सबसे बड़े प्रशंसकों और दर्शकों के साथ लाइव इंटरैक्ट करें. ज़्यादा बातचीत करें और मौजूदा दर्शकों से बेहतर तरीके से जुड़ें, ताकि वे अपने-आप को आपकी सामग्री और समुदाय का ही एक हिस्सा समझें.

- चैट मॉडरेशन
- सामग्री में ब्रेक को पहचानना
- सीधे दर्शकों से बात करना
- रोज़ की जाने वाली चीज़ों की सूची बनाना

और अधिक जानें

- एक सुरक्षित और मजेदार लाइव चैट अनुभव बनाएं
- YouTube के सामुदायिक दिशानिर्देश

### चैट मॉडरेशन की सुविधाएं

- **मॉडरेटर तय करना:** दर्शकों के साथ इंटरैक्ट करने, आपत्तिजनक मैसेज हटाने, और अपने समुदाय के निर्देशों को लागू करने के लिए, लाइव चैट सेशन के मॉडरेटर तय करें.
- **कीवर्ड ब्लॉकिंग का इस्तेमाल करना**: समुदाय सेटिंग वाले सेक्शन में, ब्लॉक किए गए शब्दों की सूची बनाएं. इससे लाइव चैट के उन मैसेज पर रोक लगाई जाएगी जिनमें इन शब्दों का इस्तेमाल किया गया होगा.
- **समीक्षा के लिए रोकना**: अगर आप चाहें, तो YouTube उन लाइव चैट मैसेज को समीक्षा के लिए रोक सकता है जिनके आपत्तिजनक होने की आशंका है. अगर आप ऐसा करते हैं, तो हमारा सिस्टम उन लाइव चैट मैसेज को समीक्षा के लिए रोक देगा जिनकी उसने पहचान की है. साथ ही, आपको और आपके मॉडरेटर को आखिरी फ़ैसला लेना होगा कि उन मैसेज को दिखाना है या नहीं.

### सीधे प्रशंसकों से बात करना

सीधे अपने दर्शकों से बात करके, चैट पढ़कर, और उनके सवालों के जवाब देकर बातचीत जारी रखें. आपके प्रशंसक, रीयल-टाइम में आपसे इंटरैक्ट करना चाहते हैं. इसलिए, उनसे बातचीत करके, उन्हें अपनेपन का अहसास कराते रहें.

- स्ट्रीम करते समय, दर्शकों के साथ बातचीत जारी रखें
- चैट पर नज़र रखें और खुलकर अपनी बात रखें
- इन-स्ट्रीम चुटकुलों और मज़ेदार पलों का आनंद उठाएं और सवालों के जवाब दें

# अपनी लाइव स्ट्रीम से कमाई करना

लाइव स्ट्रीम से कमाई करने के लिए, आपका चैनल 'YouTube पार्टनर कार्यक्रम' (वाईपीपी) में शामिल होना चाहिए.

इस लेख में 'YouTube पार्टनर कार्यक्रम' में शामिल होने की ज़रूरी शर्तों और मौजूदा सुविधाओं के बारे में बताया गया है. साथ ही, इसमें आवेदन से जुड़ी चेकलिस्ट और YouTube पर कमाई करने के बारे में, अक्सर पूछे जाने वाले कुछ सवालों की जानकारी दी गई है. [और अधिक जानें]

[विज्ञापन से होने वाली आय]: विज्ञापन की मदद से कमाई करने के लिए डिसप्ले, ओवरले, और वीडियो वाले विज्ञापनों का इस्तेमाल करें.

चैनल की सदस्यता: आपके चैनल के सदस्य आपकी ओर से ऑफ़र किए जाने वाले खास फ़ायदों के बदले में हर महीने भुगतान करते हैं.

प्रचार के लिए बेची जाने वाली चीज़ों की शेल्फ़: आपके प्रशंसक प्रचार के लिए बेची जाने वाली ऐसी आधिकारिक ब्रैंडेड चीज़ें ब्राउज़ कर सकते हैं और खरीद सकते हैं जो आपके चैनल के देखे जाने वाले पेज पर शोकेस की गई हैं.

सुपर चैट और Super Stickers: आपके प्रशंसक चैट स्ट्रीम में अपने मैसेज को हाइलाइट करने के लिए पैसे चुकाते हैं.

YouTube Premium से होने वाली आय: जब YouTube प्रीमियम ग्राहक आपकी सामग्री को देखते हैं, तो आपको सदस्यता के लिए भुगतान की गई उनकी फीस का एक हिस्सा प्राप्त होता है।

[और अधिक जानें]

# YouTube पर पैसा कमा रहा है

ध्यान रखें कि हम इस बात के लिए लगातार चैनल की समीक्षा करते रहते हैं कि आपकी सामग्री हमारी नीतियों के मुताबिक है या नहीं.

और अधिक जानें

हर सुविधा की अपनी ज़रूरी शर्तें हैं जो सदस्यों और देखे जाने की संख्या से भी ज़्यादा अहम हैं. अगर हमारे समीक्षकों को लगता है कि आपका चैनल या वीडियो ज़रूरी शर्तें पूरी नहीं करता है, तो शायद आप किसी खास सुविधा को चालू न कर सकें. ये दूसरी सीमाएं दो खास वजहों से हैं. सबसे ज़रूरी है कि जिस भी इलाके में सुविधा मौजूद हो, हम वहां की कानूनी ज़रूरतों को पूरा करें. साथ ही, हम अच्छे क्रिएटर्स को खास सुविधाओं का फ़ायदा देना चाहते हैं, इसलिए यह पक्का करना ज़रूरी है कि हमारे पास आपके चैनल की काफ़ी जानकारी हो -- इसका आम तौर पर मतलब है कि हमें और ज़्यादा सामग्री देखनी होगी.

03

# YouTube प्रीमियर्स

# YouTube प्रीमियर्स

अगर आप इवेंट को पहले से रिकॉर्ड करना चाहते हैं, तो हम आपको सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे. 'YouTube प्रीमियर्स' की मदद से आप ऐसा कर सकते हैं. साथ ही, आप बाद में भी इसे अपने चैनल पर, लाइव इवेंट के तौर पर पोस्ट कर सकते हैं.

'प्रीमियर्स' से आप अपने प्रशंसकों और समुदाय के लोगों के साथ चैट और बातचीत करते हुए, उन्हें रीयल-टाइम में अपने नए वीडियो को देखने की अनुमति देते हैं. इस तरह, आपके नए वीडियो के बारे में रोमांच बढ़ता है. प्रीमियर को सेट अप करने का तरीका जानने के लिए पढ़ना जारी रखें. इसमें इसे एक सफल इवेंट बनाने के बारे में भी सलाह दी गई है.

'YouTube प्रीमियर्स' से आप और आपके समुदाय के लोग, साथ मिलकर नए वीडियो देखने का आनंद ले सकते हैं.

प्रीमियर बनाने के लिए, वैसे ही वीडियो अपलोड करें जैसे कि आप आम तौर पर करते हैं.



# नए वीडियो को प्रीमियर करने का तरीका

1. पेज पर सबसे ऊपर, अपलोड करें पर क्लिक करें या youtube.com/upload पर जाएं.
2. उस वीडियो को चुनें जिसे अपलोड करना है और उसके बारे में जानकारी डालें.
   a. ध्यान दें: 360/vr180 या 1080p से बड़े आउटपुट, प्रीमियर्स पर काम नहीं करेंगे.
3. "झलक देखें और प्रकाशित करें" टैब पर, "प्रीमियर के तौर पर सेट करें" के आगे बने बॉक्स को चुनें.
4. “तुरंत शुरू करें” और “किसी और तारीख के लिए शेड्यूल करें” में से कोई एक विकल्प चुनें. अगर किसी और तारीख के लिए शेड्यूल कर रहे हैं, तो प्रीमियर की तारीख और समय चुनें.
5. अपलोड की प्रक्रिया पूरी करने के लिए हो गया चुनें.

और अधिक जानें

# प्रीमियर शुरू होने से पहले

और अधिक जानें

- वीडियो देखे जाने वाला एक ऐसा पेज बनाया जाता है, जिसे सभी उपयोगकर्ता देख सकते हैं. वीडियो इस 'देखे जाने वाले पेज' पर प्रीमियर किया जाएगा.
- प्रीमियर शुरू होने से करीब 30 मिनट पहले उन दर्शकों को सूचना भेजी जाती है जिन्होंने सूचनाएं  पाने का विकल्प चुना है. दर्शकों को प्रीमियर शुरू होने से ठीक पहले एक दूसरी सूचना भेजी जाती है, ताकि उन्हें पता चल जाए कि प्रीमियर शुरू होने वाला है. सूचनाएं प्रबंधित करने के बारे में ज़्यादा जानें
- आप और आपके दर्शक, टिप्पणियों और लाइव चैट में बातचीत कर सकते हैं. सुपर चैट की सुविधा चालू होने पर इससे भी बातचीत की जा सकती है.

सलाह: दर्शक, प्रीमियर किए जाने वाले वीडियो के लिए रिमाइंडर सेट कर सकते हैं. आप उन्हें, देखे जाने वाला पेज पर रिमाइंडर सेट करने के लिए कह सकते हैं. ऐसा, पिन की गई टिप्पणी, पेज की जानकारी या फिर चैट के ज़रिए किया जा सकता है.

# प्रीमियर खत्म होने पर

यह वीडियो आपके चैनल पर अपलोड किए गए किसी भी दूसरे वीडियो की तरह ही दिखता है.

ध्यान दें: प्रीमियर खत्म हो जाने के बाद, आपके वीडियो में उल्टी गिनती नहीं दिखेगी.

जो दर्शक प्रीमियर खत्म हो जाने के बाद, प्रीमियर चैट का हिस्सा बनना चाहते हैं उनके लिए चैट फिर से चलाने की सुविधा उपलब्ध होती है. आप जब चाहें चैट बंद कर सकते हैं.

# प्रीमियर देखे जाने वाला पेज

प्रीमियर का समय तय होने के बाद, वीडियो देखे जाने वाला सार्वजनिक पेज बनाया जाता है. इस पेज को सभी उपयोगकर्ता शेयर कर सकते हैं. इस पेज में वीडियो का मेटाडेटा दिखाया जाता है जिसमें शीर्षक, जानकारी, और थंबनेल शामिल होते हैं. इसके अलावा, वीडियो इस 'देखे जाने वाले पेज' के यूआरएल पर ही प्रीमियर किया जाएगा. दर्शक प्रीमियर से पहले और उसके दौरान टिप्पणियों और लाइव चैट की मदद से बातचीत शुरू कर सकते हैं.



# अपने 'देखे जाने वाले पेज' का प्रचार करना

- वीडियो के मेटाडाटा में सटीक जानकारी दें. ज़्यादा जानें
- वीडियो का थंबनेल बनाएं. जब दर्शक वीडियो देखे जाने वाले पेज पर आएंगे, तब उन्हें सबसे पहले यह इमेज दिखाई देगी.
- किसी समुदाय पोस्ट या दूसरे सोशल नेटवर्क में 'देखे जाने वाले पेज' का लिंक शेयर करके, वीडियो के बारे में लोगों की दिलचस्पी बढ़ाएं. समुदाय पोस्ट के बारे में ज़्यादा जानें.
- प्रीमियर का हिस्सा बनें. अगर आप प्रीमियर के दौरान लोगों से चैट करने के लिए मौजूद रहेंगे, तो दर्शकों को टिप्पणियों में इसकी जानकारी दें. चैट पर किसी को जवाब देने के लिए आप "@" टाइप करके, उसका उपयोगकर्ता नाम डाल सकते हैं

# साधन

# Resources

- [सहायता केंद्र]
- [YouTube Creator Academy (Lessons)]
- [YouTube Creator Academy (Videos)]
- [YouTube पर लाइव स्ट्रीम]
- [YouTube की नीतियां]
- [YT Digital Events Playbook [English]]

समाप्त